## पाठ 11

# आओ बनाएँ नक्शा

एक दिन प्रशान्त के पिताजी ने उसे चिट्ठी डालने डाकघर भेजा। नीचे इस रास्ते का एक नज़री नक्शा दिया गया है। इस नक्शे में रास्ते में आ रही अलग–अलग चीज़ों और जगहों को किसी–न–किसी संकेत से दर्शाया गया है।




1. दिए गए नज़री नक्शे को देखकर बताइए प्रशान्त को अपने घर से डाकघर जाने के रास्ते में क्या–क्या मिलेगा?

   ______________________ ______________________________

   ______________________ ______________________________

2. जब आप अपने घर से पाठशाला जाते हैं तो आपको भी रास्ते में पेड़, कुआँ, मन्दिर आदि मिलते होंगे। अपने घर से पाठशाला पहुँचने तक के रास्ते का नज़री नक्शा बनाइए। रास्ते में आ रही चीज़ों और जगहों को संकेतों से दर्शाइए। आप अपने मनचाहे संकेत बना सकते हैं, पर उन्हें नीचे बनाना मत भूलिएगा।


## संकेत क्या बनाए?

| | | | |
|---|---|---|---|
| ☐ | ________ | ☐ | ________ |
| ☐ | ________ | ☐ | ________ |
| ☐ | ________ | ☐ | ________ |


प्रशांत की बहन शीतल ने दिशाओं को पहचानना सीख लिया है। वह उगते सूरज को आधार बनाकर यह बता सकती है कि उसका घर, स्कूल या कोई और जगह, किस दिशा में है।

एक दिन उसने अपने स्कूल के आस–पास के स्थानों को उनकी दिशा के अनुसार कागज़ पर बनाया।


**शीतल का नक्शा**




प्रशांत ने जब शीतल का बनाया हुआ नक्शा देखा तो बोला–नक्शा तो तुम्हारा बिल्कुल सही है। लेकिन कागज़ पर जब नक्शा बनाते हैं तो उत्तर दिशा हमेशा ऊपर की ओर रखते हैं। मतलब किसी स्थान से उत्तर की ओर के स्थानों को ऊपर की ओर बनाया जाएगा। दक्षिण की ओर के स्थानों को नीचे की ओर। इसी प्रकार कागज़ की दाईं ओर पूर्व के स्थानों को और बाईं ओर पश्चिम के स्थानों को बनाया जाता है। इस बात को समझाने के लिए मैं अपने नक्शे पर यह चिह्न बनाता हूँ–



**प्रशांत का बनाया नक्शा**




3. शीतल के नक्शे और उसके भाई के नक्शे में क्या फर्क है? दोनों चित्रों को देखकर समझाइए।


________________________________________________________

________________________________________________________

4. आपके स्कूल के आस–पास के स्थानों का नक्शा इस प्रकार से बनेगा।

## आज़ाद ने नक्शा बनाया

आपने कक्षा तीन में दिशा पहचानना सीख लिया था। इस कक्षा में आपने यह सीख लिया कि नक्शों में दिशाएँ कैसे दर्शायी जाती है और संकेत सूची किस प्रकार बनाई जाती है।




यह नक्शा आज़ाद ने बनाया है। यह उसकी पाठशाला के आस–पास का नक्शा है। नक्शे में खेत, घेरा आदि दर्शाए गए हैं। उसने नक्शे की संकेत सूची भी साथ बनाई है।

आज़ाद ने आपकी मदद के लिए दिशा तीर भी बनाए हैं।

## नक्शा और संकेत सूची देखकर इन सवालों के उत्तर दीजिए–

5. (i) हैंडपंप आज़ाद की पाठशाला से किस दिशा में है? ————————————

(ii) सड़क आज़ाद की पाठशाला से किस दिशा में है? (दोनों सड़कों के बारे में बताइए)
————————————————————————————

(iii) रेल लाइन आज़ाद की पाठशाला से किस दिशा में है?————————

(iv) नदी पाठशाला से किस दिशा में है? ——————————————

(iv) सड़क के पूर्व दिशा में क्या है?————————————————

**6-** अब आप बनाइए–

(जो भी बनाते हैं यदि उसके संकेत सूची में नहीं हों तो उन्हें सूची में तुरंत जोड़िए)

(i) आज़ाद की पाठशाला के दक्षिण में एक पेड़ बनाइए ।

(ii) पाठशाला के उत्तर में संतू का घर बनाइए।

(iii) सड़क के पश्चिम और रेलवे लाईन के दक्षिण में एक कुआँ बनाइए।

(iv) मंदिर और सड़क के पूर्व में एक घर बनाइए।

(v) घेरे में एक और पेड़ बनाइए।

**7-** अब बताइए–

(i) रेलवे लाइन के दक्षिण में क्या–क्या है? ——————————————

(ii) खेतों के पश्चिम में क्या–क्या है? ———————————————

(iii) पाठशाला के पूर्व में क्या–क्या है? ——————————————

(iv) नदी आज़ाद की पाठशाला के दक्षिण में है। पर पाठशाला नदी की किस दिशा में है?
————————————————————————————

8. आप भी अपने स्कूल का नक्शा बनाइए। याद रखना, उत्तर की ओर मुँह करके बैठना, और

(क) जो–जो सामने हो यानी उत्तर में, उसे ऊपर बनाना।

(ख) जो पीछे हो यानी ————— में, उसे नीचे की तरफ बनाना।

(ग) जो दाएँ हाथ की ओर हो यानी ————— में, उसे ————— ओर बनाना।

(घ) जो बाएँ हाथ पर हो यानी ————— में, उसे ————— ओर बनाना।